B3N18180 (Pages : 2) Reg. No:.............................

Name: ....

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

Third Semester BA/B.Sc Degree Examination, November 2018

BHIN3A09(1) – Poetry in Hindi

(2015 Admission onwards)

Max. Time: 3 hours Max. Marks: 80

I प्रश्नसंख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है ।

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-

1 इनमें सगुण भक्तिधारा के कवि कौन है ? (कबीरदास, सूरदास, जायसी, सुन्दरदास)

2 बादल किसका प्रतीक है ? (अग्नि, सागर, क्रौंति, पूँजीपति)

3 अयोध्या के कुलगुरु कौन थे ? (अगस्त्य, कपिल, वशिष्ठ, विश्वामित्र)

4 'तारसप्तक' का संपादन किसने किया ? (अज्ञेय, मुक्तिबोध, निराला, ज्ञानेन्द्रपति)

5 व्दिवेदी युग के युगधर्मी साहित्यकार कौन थे ?

(हज़ारीप्रसाद व्दिवेदी, महावीरप्रसाद व्दिवेदी, व्दारिकाप्रसाद व्दिवेदी, भवानीप्रसाद व्दिवेदी)

(ख) खाली जगहों को भरिए :-

6 आदिकाल की सबसे प्रमुख वीरगाथा चन्दबरदाई कृत ---------- है ।

7 कबीरदास के गुरु ---------- थे ।

8 नागार्जुन का असला नाम ------------ है ।

9 'ओढ़नी' कविता का रचनाकार ---------- है ।

10 सुमित्रानन्दन पंत को ------------ रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

(10 x 1 = 10 Marks)

II किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :-

11 जीवन की क्षणिकता के बारे में कबीरदास का विचार क्या है ?

12 भगवान कृष्ण की कृपा होने पर लंगड़ा क्या कर सकता है ?

13 'अयोनी सम्भवा' कहने का मतलब क्या है ?

14 'विप्लव-रव से छोटे ही है शोभा पाते -----' पंक्ति का भाव समझाइए ।

15 अयोध्या में विश्वामित्र के आगमन का उद्देश्य क्या था ?

16 जापान की रानी बुध्द-मन्दिर में खाली हाथ क्यों चली गयी ?

17 ओढ़नी का प्रतीकात्मक अर्थ क्या है ?

18 "ऐ इन्सानो! ओस न चाटो!" कवि ऐसा क्यों कहते हैं ?

19 खून के धब्बे का किस्सा किस प्रकार खत्म हुआ ?

20 आम आदमी क्यों पिछड़ा हो जाता है ?

21 गंगा नदी को भागीरथी नाम किस प्रकार मिला ?

22 धोबी सीता को क्यों दोषी ठहराता है ? **(10 x 2 = 20 Marks**

)

III किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :-

23 'मोह' कविता में कवि की विचित्र मानसिक स्थिति का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

24 गोपिकाओं को जोग सिखाने के प्रयत्न में उव्दव क्यों विफल हो जाता है ?

25 'अपराजिता' कविता में कवयित्री पुरुष वर्चस्व के परम्परागत प्रतिमानों पर तीखा प्रहार करती है । व्यक्त कीजिए ।

26 'भूमिजा' काव्य के आधार पर अहल्या का परिचय दीजिए ।

सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-

27 " कबीर चंदन का बिडा, बढ़्यौ आक पलास ।
आप सरीखे कर लिए, जे होते उन पास ।। "

28 " गहरी पथरीली नदी में
असंख्य मूक पीड़ाएँ
कसमसा रही है
मुखर होने के लिए रोष से भरी हुई ।" **(4 x 5 = 20 Marks)**

IV किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :-

29 रामराज्य का आदर्श सीता के त्याग, तपस्या और साधना के समक्ष फीका है। 'भूमिजा' के आधार पर इसका विश्लेषण कीजिए ।

30 'बादल राग-6' कविता का सारांश लिखकर उसकी प्रतीकात्मकता की समीक्षा कीजिए ।

31 भूमंडलीकरण की स्थितियों ने भारत की परिस्थिति-सम्पदा को क्षति पहूँचायी है । 'नदी और साबुन' कविता के आधार पर इसकी आलोचना कीजिए ।

(2 x 15 = 30 Marks)